**प्रेस नोट दिनांक 29.05.2025**

**थाना सीबीगंज बरेली ।**

**मिलिट्री इंटेलिजेंस टीम लखनऊ बरेली इकाई, एसओजी टीम व थाना सीबीगंज #bareillypolice द्वारा जनसेवा केन्द्र पर लैपटाप, प्रिन्टर आदि उपकरण के माध्यम से अनुचित लाभ कमाने के उद्देश्य से जनसाधारण के साथ धोखाधड़ी कर फर्जी तरीके से आधार कार्ड, आयुषमान कार्ड,10वीं व 12वीं कक्षा की मार्कशीट, डी0एल0 व अन्य फर्जी दस्तावेज तैयार करने वाले अभि0 के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर फर्जी दस्तावेज तैयार करने वाले उपकरण किये बरामद।**

**संक्षिप्त विवरणः-** दिनांक 28.05.2025 को मिलिट्री इंटेलिजेंस टीम लखनऊ (बरेली इकाई) की सूचना महेशपुर का रहने वाला मुकेश देवल पुत्र पौथीराम अपने घर के नीचे अपनी निजी दुकान जनसेवा केन्द्र व लोक वाणी केन्द्र के नाम से ग्राम महेशपुर थाना सीबीगंज जिला बरेली में खोलकर लैपटाप, प्रिन्टर आदि उपकरण के माध्यम से अनुचित लाभ कमाने के उद्देश्य से जनसाधारण के साथ धोखाधड़ी कर फर्जी तरीके से आधार कार्ड, आयुषमान कार्ड,10वीं व 12वीं कक्षा की मार्कशीट, डी0एल0 व अन्य फर्जी दस्तावेज तैयार करने की सूचना प्राप्त हुई, उक्त सूचना पर एसओजी टीम प्रभारी निरीक्षक श्री देवेन्द्र धामा मय टीम व थाना सीबीगंज पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम महेशपुर से लैपटाप 02 ( एक सोनी कम्पनी का व एक डेल कम्पनी का), प्रिन्टर 02 EPSON( एक का नं0 L3110 दूसरे का नं0 380L), आई स्केनर कोजेन्ट कम्पनी का व एक वैब कैमरा LOGITECH, थम्ब स्केनर 01, फिंगर प्रिन्ट मशीन COGENT SYSTEMS 01, रबर स्टाम्प(मोहर) 06, एलआरआई सिल्ड 02 ( एक पर IRI tech व दूसरी पर MANTRA लिखा है), माउस 02 HP कम्पनी के, आधार कार्ड 27, पैन कार्ड 01, वोटर आई डी कार्ड 01, नार्थ ईस्टर्न रेलवे कार्ड कापी 01 मुकेश देवल पुत्र पौथीराम की दुकान जनसेवा केन्द्र व लोक वाणी केन्द्र से बरामद हुए। अभि0 मुकेश देवल पुत्र पौथीराम निवासी ग्राम महेशपुर थाना सीबीगंज जनपद बरेली मौके से फरार हो गया। बरामद उपकरण थाने लाकर फर्द बरामदगी के आधार पर थाना सीबीगंज जनपद बरेली पर मु0अ0सं0 248/2025 धारा 317(4)/338/336(3)/340(2) BNS व धारा 36 आधार कार्ड अधि0 बनाम मुकेश देवल पुत्र पौथीराम निवासी ग्राम महेशपुर थाना सीबीगंज जनपद बरेली के विरुद्ध पंजीकृत किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है।

**बरामद उपकरण का विवरण**

1. लैपटाप 02 ( एक सोनी कम्पनी का व एक डेल कम्पनी का),
2. प्रिन्टर 02 EPSON( एक का नं0 L3110 दूसरे का नं0 380L), आई स्केनर कोजेन्ट कम्पनी का
3. एक वैब कैमरा LOGITECH, थम्ब स्केनर 01, फिंगर प्रिन्ट मशीन COGENT SYSTEMS 01,
4. रबर स्टाम्प(मोहर) 06, एलआरआई सिल्ड 02 ( एक पर lRI tech व दूसरी पर MANTRA लिखा है), माउस 02 HP कम्पनी के, आधार कार्ड 27, पैन कार्ड 01, वोटर आई0डी0 कार्ड 01, नार्थ ईस्टर्न रेलवे कार्ड कापी 01

## बरामदगी करने वाली पुलिस टीमः-

1. मिलिट्री इंटेलिजेंस टीम लखनऊ बरेली इकाई
2. निरीक्षक श्री देवेन्द्र सिंह धामा एसओजी प्रभारी मय टीम जनपद बरेली
3. निरीक्षक अपराध श्री सुभाष कुमार थाना सीबीगंज जनपद बरेली
4. उ0नि0 श्री रविन्द्र सिंह थाना सीबीगंज जनपद बरेली
5. उ0नि0 श्री निखिल कुमार थाना सीबीगंज जनपद बरेली
6. का0 608 इमरान थाना सीबीगंज जनपद बरेली
7. का0 678 मान सिंह थाना सीबीगंज जनपद बरेली